# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 8257 / 2025 दिनांकः 04 जून, 2025

## विज्ञप्ति

### विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति हेतु पैनल

एतद्द्वारा जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के केन्द्रीय पुस्तकालय में 03 वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 (तीन वर्ष) तक के लिए मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं के रूप में शामिल होने के लिए प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों / वितरकों / विक्रेताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, जिसे उपरोक्त वर्णित अवधि से अधिक के लिए बढाया भी जा सकता है। विज्ञापन के नियम और शर्तों की प्रति के साथ निर्धारित आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://jncu.ac.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

इच्छुक पुस्तक प्रकाशक / विक्रेता / आपूर्तिकर्ता / वितरक, इस दस्तावेज में दिए गए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों की एक प्रति के साथ स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक या स्वंय के द्वारा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। लिफाफे पर "मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन" अंकित होना चाहिए। आवश्यक दस्तावेजों और निर्धारित शुल्क के साथ आवेदन पत्र दिनांकः20 जून, 2025 को सायं शाम 5.00 बजे तक विश्वविद्यालय में जमा किया जा सकेगा, निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. माननीय कुलपति जी।
02. वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव,

## पैनल में शामिल होने के लिए पात्रता मापदंडः

- निविदाकर्ता को **फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स एसोसिएशन इन इंडिया (एफपीबीएआई)/दिल्ली, स्टेट बुकसेलर्स एडं पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएसबीपीए)/अन्य राज्य/राष्ट्रीय बुकसेलर्स और पब्लिशर्स एसोसिएशन फेडरेशन** का सदस्य होना चाहिए। प्रस्ताव के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
- निविदाकर्ता के आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN) की छाया प्रति संलग्न किया जाय।
- वितरकों/विक्रेताओं को प्रस्ताव के साथ वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आयात/निर्यात कोड (आईईसी) प्रमाणपत्र का लाइसेंस प्रस्तुत करना होगा।
- निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी 05 केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की सन्तोषजनक आपूर्ति की हो तथा इनके आदेश एवं संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करें।
- विश्वविद्यालय द्वारा चयनित फर्म को पुस्तक आपूर्ति करने हेतु किसी प्रकार का कोई भी शुल्क देय नहीं होगा। आपूर्ति विश्वविद्यालय में निश्चित विभाग में करना होगा।
- निविदाकर्ता का औसत टर्न ओवर पिछले तीनों वित्तीय वर्षों में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) के आपूर्ति में कम से कम रु. 02 करोड़ रूपये का रहा हो। पिछले तीनों वित्तीय वर्षो का चार्टर्ड अकाउंटेंट (सी.ए.) द्वारा प्रमाणित टर्नओवर प्रमाण पत्र एवं आडिटेड बैलेन्स शीट संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
- निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2024–25, 2023–24 अथवा 2022–23 में किसी भी एक वित्तीय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) का अपने उच्चतम राशि की मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति का एकल आदेश एवं उसके संतुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा एकल उच्चतम क्रयादेश एवं संतुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय 05 या अधिकतम् 07 (विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार) विक्रेताओं के चयन पर विचार करेगा। चयनित आपूर्तिकर्ताओं में ही क्रयादेश प्रदान किये जायेंगे।
- आयकर के पिछले तीन Assesment Year (2024–25, 2023–24, 2022–23) का प्रमाण पत्र/ विवरण की छाया प्रति संलग्न करें।
- निविदाकर्ता को प्रकाशकों का वितरक/डीलर/स्टॉकएस्ट/कार्यकारी होना चाहिए। प्रकाशकों द्वारा जारी प्राधिकार पत्र संलग्न किया जाना चाहिए।
- विषय शिक्षकों द्वारा अनुशंसित सूची आपूर्ति की जायेगी, अन्यथा की स्थिति में भुगतान नहीं होगा।
- निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 3,000/– + 18% जी.एस.टी = 3,540/– (तीन हजार पाँच सौ चालीस रूपये मात्र, जो कि वापसी योग्य नहीं है) मात्र है, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से वित्त अधिकारी, जननायक चन्दशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना अनिवार्य है।
- धरोहर धनराशि रु. 75,000/– (पचहत्तर हजार) मात्र है, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट के माध्यम से वित्त अधिकारी, जननायक चन्दशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना अनिवार्य है। यदि आपूर्तिकर्त्ता पंजीकरण की अवधि में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति संतोषजनक ढ़ंग से करने में विफल रहता है, तो धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी। अचयनित विक्रेता की धरोहर धनराशि वापस कर दी जाएगी। धरोहर धनराशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
- पुस्तकों की केवल नवीनतम् संस्करण ही आपूर्ति की जाएगी।
- आपूर्ति की गयी पुस्तकों की बाइंडिंग व पेपर उत्तम स्तर का होना चाहिए, अन्यथा पुस्तकें स्वीकार्य नहीं होंगी।
- क्रयादेश के अनुसार पुस्तकों की आपूर्ति नहीं होने पर अथवा पुस्तक के पृष्ठ फटे होने पर या उत्तम बाइंडिग न होने पर पुस्तकों को उपहार स्वरुप मान लिया जायेगा और पुस्तक आपूर्तिकर्ता के किसी दावे को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

- आपूर्ति की गई पुस्तकें बिना किसी दोष/क्षतिग्रस्त के नयी और अच्छी स्थिति में होनी चाहिए।
- यदि कीमत किताब पर मुद्रित नहीं है, तो मूल्य प्रमाण के रूप में एक वैध प्रकाशक की आर्फलाइन/आनॅलाइन कैटलॉग या वेबसाइट या प्रकाशक/वितरक के विक्रय बिल को बिल के साथ प्रमाणित कर संलग्न किया जाना आवश्यक है।

## छूट संरचना

छूट संरचना की दरें निम्नानुसार हैं:–

| | |
|---|---|
| ALL BOOKS, (EXCEPT REFERENCE SOURCES VIZ., HANDBOOKS, DICTIONARIES AND ENCYCLOPEDIAS ETC.) | 20% |
| REFERENCE SOURCE VIZ., HANDBOOKS, DICTIONARIES, ENCYCLOPEDIAS AND MULTI VOLUME SET | 30% |
| GOVERNMENT PUBLICATION | 10% |
| REMAINDERED TITLES/BOOKS | 50% |

- There shall be no discount on such Government Publications and other publications on which the suppliers do not get any discount, on production of documentary evidence)

- विदेशी प्रकाशन के मामले में, Indian Good Offices Committee (GOC) की रूपांतरण दर बिलिंग की तारीख से लागू होगी।
- बिल की हार्ड व सॉफटकापी में केन्द्रीय पुस्तकालय के नमूने के अनुसार विषयवार अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा।
- निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र रु. 100/– के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथपत्र विधिवत प्रस्तुत किया जाय।
- विश्वविद्यालय सभी योग्य आपूर्तिकर्ताओं को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। योग्य आपूर्तिकर्ता की स्वीकृति एवं उसके चयन मानदंडों पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा। मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए विक्रेता के चयन से सम्बन्धित किसी भी विवाद पर विश्वविद्यालय के कुलपति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
- विक्रेताओं के बीच कार्यादेश निर्गत करना पूरी तरह से विश्वविद्यालय का विवेकाधिकार होगा, एक विक्रेता को कम या अधिक मूल्य का क्रयादेश या कोई भी क्रयादेश नहीं मिल सकता है। अधिक मूल्य या कम मूल्य के क्रयादेश प्राप्त करने के लिए किसी भी विक्रेता के किसी भी दावे पर विश्वविद्यालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।
- विधिक क्षेत्राधिकार, जिला न्यायालय, बलिया का होगा।

## पुस्तक विक्रेताओं के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

कुलसचिव,<br>
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय<br>
शहीदस्मारक, निकट सुरहाताल,<br>
जिला–बलिया,<br>
उत्तर प्रदेश–277001

महोदय,

आपके विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की आपूर्ति के लिए विक्रेताओं के पंजीकरण और पैनलीकरण के लिए आपके विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन शुल्क और सुरक्षा जमा राशि और प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र एतद्द्वारा प्रेषित हैः–

1. फर्म का नाम : ________________________________
2. फर्म का पता : ________________________________
3. संपर्क नं0 : ______________ फैक्स नं0 : ______________
4. वेबसाइट : ______________ मोबाईल नं0 :' ______________
5. ई–मेल : ________________________________
6. फर्म की स्थापना की तिथिः ______________________
7. प्रोपराइटर/निदेशक का नाम : ______________________
8. निविदाकर्ता को फेडरेशन ऑफ पब्लिशर्स एंड बुकसेलर्स एसोसिएशन इन इंडिया (एफपीबीएआई)/दिल्ली स्टेट बुकसेलर्स एंड पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएसबीपीए)/अन्य राज्य/राष्ट्रीय बुकसेलर्स और पब्लिशर्स एसोसिएशन फेडरेशन का सदस्य होना चाहिए। प्रस्ताव के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जानी चाहिए।
9. स्थायी खाता क्रमांक नं0 :..........................................

   (PAN) की प्रति संलग्न करें
10. क्या आपके पास प्रत्यक्ष आयात लाइसेंस है।: ......................................................

    (यदि हाँ, तो कृपया इसकी एक प्रति संलग्न करें)

11. निविदाकर्ता ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में किसी भी 05 केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो। इनके आदेश तथा संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण–प्रत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

a)------------------------------------------------------------

b)------------------------------------------------------------

c)------------------------------------------------------------

d)------------------------------------------------------------

e)------------------------------------------------------------

f)------------------------------------------------------------

g)------------------------------------------------------------

h)------------------------------------------------------------

i)------------------------------------------------------------

j)------------------------------------------------------------

12. पिछले 3 लगातार वित्तीय वर्षों के लिए फर्म का वार्षिक कारोबार (प्रमाण संलग्न करें)

| | | |
|---|---|---|
| (a) | 2024-25 | : |
| (b) | 2023-24 | : |
| (C) | 2022-23 | : |
| | कुल | : |
| | औसत | : |

13. क्या आप आयकर दाता हैं? यदि हाँ, तो कृपया पिछले तीन Assesment Year (2024–25, 2023–24, 2022–23) का आयकर रिटर्न (ITR) एवं आडिटेड बैलेन्स शीट की छाया प्रति संलग्न करें।

14. निविदाकर्ता को पिछले तीन वित्तीय वर्ष 2024–25, 2023–2024 अथवा 2022–23 में किसी भी एक वित्तीय वर्ष में केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में मुद्रित पुस्तकों (Print Books) का अपने उच्चतम राशि की पुस्तक आपूर्ति का एकल आदेश एवं उसके संतुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी। विश्वविद्यालय द्वारा उच्चतम एकल क्रयादेश एवं संतुष्टिपूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्रों के आधार पर विश्वविद्यालय 05 या अधिकतम 07 (विश्वविद्यालय निर्णयानुसार) विक्रेताओं के चयन पर विचार करेगा। चयनित आपूर्तिकर्ताओं में ही क्रयादेश प्रदान किये जायेगें।

1. क्या आप प्रकाशकों के वितरक/डीलर/स्टॉकिएस्ट/एक्सक्लूसिव/पसंदीदा एजेंट हैं? यदि हां, तो कृपया प्रकाशकों द्वारा जारी नवीनतम प्राधिकार पत्र जमा करें।

2. निविदा राशि का ड्राफ्ट मूल्य रुपये 3,000/– + 18% जी.एस.टी = 3,540/– (तीन हजार पाँच सौ चालीस मात्र) जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट, जो वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना अनिवार्य है।

बैंक का नाम ..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक..........................................................................................

3. सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट मूल्य रूपये 75,000/– (पचहत्तर हजार मात्र) जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के ड्राफ्ट, जो वित्त अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश के पक्ष में देय हो, द्वारा जमा करना अनिवार्य है।

बैंक का नाम ..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक..........................................................................................

बैंक ड्राफ्ट दिनांक..........................................................................................

4. क्या आपकी फर्म को कभी किसी सरकारी संगठन द्वारा व्यवसाय करने के लिए प्रतिबंधित/ब्लैकलिस्ट किया गया है? यदि नहीं, तो कृपया रुपये 100/–के गैर–न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करें।

5. क्या आपकी फर्म/कंपनी के पास ISO प्रमाणपत्र है? (हां/नहीं) यदि हां, तो प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें।

## घोषणा

मैं/हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि इस आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियाँ मेरी/हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। इसके अलावा उपरोक्त नियम एवं शर्तें मुझे/हमें अक्षरशः स्वीकार्य हैं।

**फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील**

**दिनांकः**

**स्थान :**



Scanned with OKEN Scanner

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia


## पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं के लिए निर्देश

1. कृपया आवेदन पत्र भरने से पहले **जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश, केन्द्रीय पुस्तकालय** में मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए पैनल में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंड को ध्यान से पढ़ें।

2. इच्छुक पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं/वितरक/विक्रेताओं को बन्द लिफाफे में आवेदन जमा करना होगा, जिस पर **"मुद्रित पुस्तकों की आपूर्ति के लिए पुस्तक आपूर्तिकर्ताओं के पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन"** लिखा होना चाहिए।

3. आवेदन पत्र **"कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, शहीदस्मारक, निकट सुरहाताल, जिला–बलिया, उत्तर प्रदेश, पिनकोड – 277001"** को सम्बोधित किया जाएगा।

4. सीलबंद लिफाफा विश्वविद्यालय में स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पोस्ट या स्वयं के द्वारा कार्यालय में **दिनांकः 20 जून, 2025 को साय 5.00 बजे** तक जमा किया जायेगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ पर एजेंसी/फर्म की आधिकारिक मुहर के साथ अधिकृत व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षर अनिवार्य है।

6. अपूर्ण आवेदन पत्र या नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम और आपूर्तिकर्ताओं पर बाध्यकारी होगा।

7. किसी भी समय, यदि पुस्तक आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत कोई भी दस्तावेज गलत पाया जाता है, तो इसे अनुबंध की अवधि का उल्लंघन माना जाएगा और फर्म पैनलबद्धता को समाप्त करने या सुरक्षा निधि राशि जब्त करने के अलावा अन्य कानूनी कार्रवाई के लिए विश्वविद्यालय स्वतन्त्र होगा।

**कुलसचिव**


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com